NIFTEM
KNOWLEDGE • INNOVATION • OUTREACH

सत्यमेव जयते

MFPI
MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES
GOVERNMENT OF INDIA

10वीं वार्षिक रिपोर्ट 2019-2020

10th ANNUAL REPORT 2019-2020

OPENING CAREER GROWTH OPPORTUNITIES IN FOOD INDUSTRY

At NIFTEM, Kundli, Sonipat
Organized by
CENTRE FOR FOOD RESEARCH &
BASIC AND APPLIED SCIENCES

NIFTEM
KNOWLEDGE • INNOVATION • OUTREACH

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान

NATIONAL INSTITUTE OF FOOD TECHNOLOGY ENTREPRENEURSHIP AND MANAGEMENT

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK
50th Rank - 2016

UGC
University Grants Commission

AICTE

ASSOCIATION OF INDIAN UNIVERSITIES

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Disclaimer : In case of any doubt in hindi translation material, the english version may be referred.

अनुक्रमणिका

क्र.स.	विवरण	पृ० सं०
	कुलपति का संदेश	4
1.	**परिचय**	6
	हमारे बारे में	
1.1	निफ्टेम के लक्ष्य	8
1.2	दूरदृष्टि	9
1.3	लक्ष्य	10
2.	**शैक्षणिक**	
2.1	शैक्षणिक विभाग	11
2.2	शैक्षणिक कार्यक्रम	15
2.3	शैक्षणिक केंद्र	17
2.4	ऊष्मायन सुविधाएं	19
2.5	निफ्टेम ज्ञान सेंटर (एनकेसी)	21
2.6	परीक्षा विभाग	23
2.7	आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी)	23
2.8	सूचना सुविधाएं	24
2.9	दत्तक ग्राम कार्यक्रम (वीएपी)	24
2.10	विद्याथियों को सहयोग	25
2.11	शैक्षिक प्रदर्शन	28
2.12	महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल	37
3.	**अनुसंधान एवं विकास**	
3.1	शोध के प्राथमिकता वाले क्षेत्र	39
3.2	शोध समितियाँ	40
3.3	शोध परियोजनायें	40
3.4	अनुबंध शोध संगठन (सीआरओ)	45
3.5	खाद्य व कृषि शोध और विश्लेषण केंद्र (सीएफआरए)	45
3.6	शोध प्रदर्शन	46
3.7	महत्वपूर्ण शोध पहल	64
4.	**विस्तार**	
4.1	ग्राम दत्तक कार्यक्रम (वीएपी) के तहत विस्तार गतिविधियाँ	66
4.2	कौशल विकास प्रभाग की गतिविधियाँ	68
4.3	निफ्टेम की परामर्श	70
4.4	ऑर्गेनिक फूड फेस्ट 2020	70
4.5	प्रदर्शनियों में भागीदारी	72
4.6	एफएसएसएआई में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की भूमिका में निफ्टेम के फैकल्टी सदस्य	72
4.7	विस्तार गतिविधियों में संकाय सदस्यों की भागीदारी	72
4.8	पीएमएफएमई योजना की परियोजना प्रबंधन इकाई की भूमिका में निफ्टेम	72
4.9	विस्तार की महत्वपूर्ण पहल	74
5.	**खाद्य उद्यमिता और प्रबंधन**	
5.1	उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम	76
5.2	सीआरडी द्वारा आयोजित कार्यक्रम	78
5.3	शीत श्रंखला प्रौद्योगिकी और प्रबंधक के लिए डैनफॉस सीओई द्वारा आयोजित कार्यक्रम	80
5.4	अंतर राष्ट्रीय बेकरी अनुसंधान	80
5.5	विभिन्न उद्यमिता प्रतियोगिताओं में छात्रों का प्रदर्शन	82
5.6	महत्वपूर्ण खाद्य उद्यमिता और प्रबंधन पहल	82
6.	**सहायक बुनियादी ढ़ाचे का विकल्प**	84
7.	**आयोजन**	90
7.1	दीक्षांत समारोह	92
7.2	नव प्रवेशित विद्यार्थीयों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम	92
7.3	राजभाषा अनुभाग के तहत गतिविधियाँ	94
7.4	विद्यार्थी गतिविधि परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम	96
7.5	खेल, ललित कला व साहित्यिक में विद्यार्थियों कार्यक्रमों में छात्रों का प्रदर्शन निफ्ट से परे	
8.	**फैकल्टीं और स्टाफ की स्थिति और नियुक्तियों**	102
9.	**वित्तीय स्थिति**	112
10.	**प्रबंधन बोर्ड व अन्य वैधानिक परिषद/समितियाँ**	166
11.	**निफ्टेम में प्रकृति की एक झलक**	176

Contents

Sr. No.	Particulars	Page No.
	Vice Chancellor's Message	5
1.	**Introduction**	6
	About Us	
	1.1 Mandates of NIFTEM	8
	1.2 Vision	9
	1.3 Mission	10
2.	**Academics**	
	2.1 Academic Departments	11
	2.2 Academic Programmes	15
	2.3 Academic Centres	17
	2.4 Incubation Facilities	19
	2.5 NIFTEM Knowledge Centre (NKC)	21
	2.6 Examination Section	23
	2.7 Internal Quality Assurance Cell (IQAC)	23
	2.8 IT Facilities	24
	2.9 Village Adoption Programme (VAP)	24
	2.10 Student Support	25
	2.11 Academic Performance	28
	2.12 Important Academic Initiatives	37
3.	**Research and Development**	
	3.1 Priority areas of Research	39
	3.2 Research Committees	40
	3.3 Research Projects	40
	3.4 Contract Research Organization (CRO)	45
	3.5 Centre for Food & Agriculture Research and Analysis (CFRA)	45
	3.6 Research Performance	46
	3.7 Important Research Initiatives	64
4.	**Outreach**	
	4.1 Outreach Activities under the Village Adoption Programme (VAP)	67
	4.2 Activities of Skill Development Division	69
	4.3 Consultancy Services by NIFTEM	71
	4.4 Organic Food Fest 2020	71
	4.5 Participation in Exhibitions	73
	4.6 NIFTEM Faculty Member as Expert Trainer in FSSAI	73
	4.7 Participation of Faculty Members in Outreach Activities	73
	4.8 NIFTEMAs Project Management Unit (PMU) of PMFME Scheme	73
	4.9 Important Outreach Initiatives	75
5.	**Food Entrepreneurship & Management**	
	5.1 Events organised by Centre for Entrepreneurship Development	77
	5.2 Events organized by CRD	79
	5.3 Events organized by Danfoss CoE for Cold Chain Technology & Management	81
	5.4 International Bakery Research & Training Centre (IBRTC)	81
	5.5 Performance of Students in Various Entrepreneurship Competitions	83
	5.6 Important Food Entrepreneurship and Management Initiatives	83
6.	**Development of Supporting Infrastructure**	85
7.	**Events**	91
	7.1 Convocation	93
	7.2 Induction Programme for the Newly admitted Students	93
	7.3 Activities under Rajbhasha Section	92
	7.4 Events organized by Student Activity Council	95
	7.5 Performance of Students in Sports, Fine Arts and Literary Events Beyond NIFTEM	101
8.	**Faculty and Staff position and appointments**	103
9.	**Financials**	113
10.	**Board of Management and other statutory councils/committees**	165
11.	**A Glimpse of Nature at NIFTEM**	176

डॉ. सी. वासुदेवप्पा
कुलपति

कुलपति का संदेश

निफ्टेम की शुरुआत देश में खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता व प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप वर्ष 2012 में हुई। अपनी शुरुआत से ही निफ्टेम ने खाद्य सेक्टर को तकनीकी और प्रबंधकीय मानव संसाधन उपलब्ध करवाने के साथ ही प्रशिक्षण, उष्मायन, कौशल व उद्यमिता विकास और विभिन्न हितग्राहियों के बीच ज्ञान का प्रसार करते हुए खाद्य सेक्टर के विकास को नई गति देने का काम किया है। विश्वस्तरीय शोध कार्य, परीक्षण व इन्क्यूबेशन सुविधाएं, संस्थान–उद्योग के बीच परिणामोन्मुखी सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर और नामी उद्योगों में इंटर्नशिप के अवसरों ने निफ्टेम के विद्यार्थियों को श्रेष्ठ बनने और प्रतिस्पर्धी पेशेवर माहौल में सदैव सबसे आगे बने रहने में सहयोग किया है। स्थापना के समय से ही निफ्टेम खाद्य सेक्टर में निरंतर नवाचार और अनूठी पहल करता रहा है। इन प्रयासों को मिली सफलता से निफ्टेम अब राष्ट्रीय महत्व के संस्थान वाली पहचान की दहलीज पर आ खड़ा हुआ है।

हाल के दिनों में निफ्टेम के शोध कार्यों व विस्तार गतिविधियों ने नई गुणात्मक ऊचाइयों को छुआ है। इसके सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। निफ्टेम को बैक्टीरिया–रोधी लेयर्ड नैनोकंपोसिट पर पहला घरेलू पैटेंट और नारियल पानी निकालने वाली मशीन कोकोश्रेष्ठ के लिए पहला घरेलू ट्रेडमार्क अवॉर्ड किया गया है। संस्थान के दो और अविष्कारों के लिए भी पेटेंट दाखिल किए गए हैं। इसके साथ ही व्यवसायीकरण की संभावना वाली 34 प्रौद्योगिकियां भी विकसित की गईं हैं। समाज की प्रासंगिक चुनौतियों के निदान के लिए शोध कार्यों का फोकस खास तौर पर सामाजिक विषयों पर रहता है। इसी कड़ी में निफ्टेम ने केरल सरकार के महिला–बाल विकास विभाग के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके तहत त्रिवेंद्रम में केरल पोषण शोध संस्थान की स्थापना की गई है। यह संस्थान बच्चों और गर्भधारण की उम्र तक पहुंच चुकी महिलाओं में कुपोषण को दूर रखने के लिए पोषण–औषधीय आधार वाला रेडी–टू–यूज थैरापेटिक आहार विकसित करने का काम कर रहा है। दत्तक ग्राम योजना निफ्टेम की एक ओर मौलिक पहल है, जिसे भारतीय मानव संसाधन संघ, नई दिल्ली द्वारा रोजगार की सर्वश्रेष्ठ पहल के लिए प्लैटिनिम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

देश के खाद्य सेक्टर को मजबूती व नई पहचान देने के लिए निफ्टेम ने इस वर्ष कई नई शुरुआत की हैं। इसके अंतर्गत खाद्य उद्योग के साथ सहयोगी शोध कार्य के लिए कॉन्ट्रेक्ट रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (सीआरओ) की स्थापना की गई है। साथ ही रसायन व जीव विज्ञान विषयों में एनएबीएल मान्यता के लिए खाद्य व कृषि शोध एवं विश्लेषण संस्थान का भी उन्नयन किया गया है। इसके अतिरिक्त उद्यमिता विकास के लिए संस्थान ने स्वंय का प्रौद्योगिकी नवाचार व बिजनेस इन्क्युबेशन सेंटर (एनटीआईबीआईएफ) शुरु किया है। अधोसंरचना विकास के दूसरे चरण में पशु गृह, एएसई लैब एवं बहुद्देशीय सेमिनार–कम–म्यूजियम हॉल का निर्माण किया गया है। स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों एवं विदेशी छात्रों के लिए हॉस्टल, इंडोर व आउटडोर स्टेडियम, छात्र कल्याण केंद्र, कर्मचारी कल्याण केंद्र व आवासीय ब्लॉक का निर्माण कार्य तेजी से पूर्णता की ओर बढ़ रहा है।

साल 2020 के उत्तरार्ध में समूचे देश ने कोविड–19 महामारी से उत्पन्न कठिन परिस्थितियों का बहादुरी से सामना किया। ऐसे मुश्किल दौर में भी निफ्टेम की बहुमुखी आईटी अधोसंरचना और तकनीकी दक्षता रखने वाले शिक्षकों व विद्यार्थियों ने एमएचए और एमएचआरडी के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पठन–पाठन की गतिविधियों को पूरी गंभीरता के साथ जारी रखा। इस वर्ष हमारे विद्यार्थियों का प्लेसमेंट भी पिछले वर्ष की 93 फीसदी की तुलना में 60 फीसदी ही रह पाया। संस्थान की ओर से कई पहल की गईं हैं जिससे निफ्टेम की गतिविधियां फिर से सुचारु रुप से चलने लगे और हितग्राहियों को निफ्टेम की सेवाएं प्राप्त करने में किसी तरह की बाधा न हो।

संस्थान और उससे जुड़ी विविध गतिविधियों का संचालन विभिन्न हितग्राहियों के संपूर्ण योगदान और सहयोग से ही संभव हुआ है। इसके लिए संस्थान की सभी फैकल्टी के सदस्य, शोधार्थी छात्र, विद्यार्थी व स्टाफ, खाद्य उद्योग, उद्यमी, स्टार्ट–अप्स, परामर्शदाता, शोध व विकास परियोजनाएं, अन्य संगठनों के पेशवर व संस्थान के पूर्व छात्र सभी धन्यवाद के पात्र हैं। निरंतर सहयोग व अनवरत प्रोत्साहन के लिए संस्थान भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का आभारी है। खाद्य सेक्टर में गुणात्मक प्रगति के दृष्टि और वैश्विक स्तर की गुणवत्ता शिक्षा एवं शोध व विस्तार सेवाओं से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संस्थान को अभी भी लंबा सफर तय करना है और हम इस दिशा में मजबूती से बढ़ रहे हैं।

(डॉ. सी. वासुदेवप्पा)
कुलपति, निफ्टेम

Vice Chancellor's Message

Dr. C.Vasudevappa
Vice Chancellor

Since its inception as the premier Institute in Food Technology Entrepreneurship and Management in 2012, NIFTEM has played a crucial role in providing technical and managerial manpower to food sector, and catalysing the growth of the food sector through training, incubation, skill development, enterprise development and dissemination of knowledge among the stake holders of the food sector. The presence of world-class research, testing and incubation facilities, vigorous Institute-industry collaborations, international exposure and industrial internship opportunities have helped the students of NIFTEM to excel and be ahead in the competitive professional environment. The success of various initiatives and innovations by NIFTEM in Food Sector since inception has brought it to the verge of recognition as the Institute of National Importance (INI).

In the recent past, NIFTEM has raised the quality of its research and outreach activities to a greater height, and the results are now visible. NIFTEM obtained its first domestic patent on Antibacterial Layered Nanocomposite, and a domestic trademark COCOSHRESHTH, the coconut water extraction machine. Patent on two more inventions have been filed. A total 34 technologies with potential for commercialization have been developed. The research is focused on to have more social engagements to address the socially relevant problems. NIFTEM has signed MoU with the Women and Child Development Department, Govt. of Kerala, and has set up Kerala Nutrition Research Centre (KNRC) at Thiruvananthapuram to develop nutraceuticals based ready to use therapeutic foods for the management of malnutrition in children and women in reproductive age. The Village Adoption Programme (VAP) of NIFTEM was bestowed with Platinum Award for “Best Employability Initiative” by the HR Association of India, New Delhi.

This year, NIFTEM has established Contract Research Organization (CRO) for collaborative research with industries, strengthened Centre for Food & Agriculture Research and Analysis (CFRA) for NABL Accreditation for Chemical & Biological disciplines, and has launched its own technology innovation and business incubation centre (NTIBIF) for entrepreneurship development. Under phase-II of the infrastructure development, Animal house, AES Lab and Multi-purpose Seminar-cum-Museum Hall have been built. The construction of UG & PG Hostel, Foreign National Hostel, Indoor and Outdoor Stadiums, Student Welfare Centre, Staff Welfare Centre and residential blocks are in full swing.

In the last few weeks of this year, entire nation braced for tough times due to outbreak of COVID-19 pandemic. The versatile IT infrastructure at NIFTEM along with tech-savvy teachers and students ensured that the teaching-learning activities continued in right earnest under the strict adherence to MHA and MHRD guidelines. The placement of our students took a sharp dip from 93% in last year to around 60% of the eligible interested students this year. The Institute has taken up several initiatives to see that various activities of NIFTEM are back on track online, and no stakeholder is left behind in getting the required services from NIFTEM.

This Institute and its entire activities could not have been carried out well without the full participation and support of all stakeholders - members of the Faculty, research scholars, students and staff, food industries, entrepreneurs, start-ups, consultancy, R&D projects, professionals from other organizations and our alumni. The Institute is grateful to the Ministry of Food Processing Industries, Govt. of India for its continued and sustained encouragement and support. There is still a long way to go to realise fully the vision of the Institute, and march forward towards impacting the society with quality education, research and extension services at par with the best in the globe.

(Dr. C.Vasudevappa)
Vice-Chancellor, NIFTEM

1. परिचय | INTRODUCTION

हमारे बारे में

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) की स्थापना साल 2012 में हुई। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने इसे एक स्वायत्त संस्था के रुप में स्थापित किया। देश का खाद्य सेक्टर, अपनी समस्याओं के एक ही जगह से निराकरण के लिए, लंबे समय से एक शीर्ष संस्था के गठन की मांग कर रहा था। खाद्य सेक्टर की यह मांग ही निफ्टेम की स्थापना की बुनियाद बनी। यह संस्थान हरियाणा में सोनीपत जिले के औद्योगिक क्षेत्र कुंडली में स्थित है। दिल्ली–हरियाणा बॉर्डर पर उत्तरी दिल्ली के करीब होने के कारण यह स्थान रणनीतिक तौर पर काफी महत्वपूर्ण है। संस्थान का आवासीय परिसर 100 एकड़ क्षेत्र में फैला है और सघन हरियाली के कारण इसे प्लेटिनम श्रेणी का दर्जा हासिल है। विश्वस्तरीय सुविधाओं के बीच यहां खाद्य सेक्टर के लिए दमदार उद्यमिता और प्रबंधन कौशल से युक्त उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षित प्रोफेशनल तैयार किए जाते हैं।

शुरुआत में निफ्टेम को कंपनी एक्ट 1956 के तहत सेक्शन 25 कंपनी के तौर पर रजिस्टर किया गया था। बाद में दर्जा बदलकर इसे सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट,1860 के अंतर्गत स्वायत्त संस्था के रुप में पंजीकृत किया गया। साल 2012 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की अनुशंसा पर संस्था का ओहदा बढ़ा दिया

About Us

National Institute of Food Technology Entrepreneurship and Management (NIFTEM) was set up as an autonomous Institute in 2012 by the Ministry of Food Processing Industries (MoFPI), Government of India. This was based on the persistent demand of the food industry to have an apex organization as a 'One-Stop Solution Provider' for various problems of the food sector. The Institute is strategically located in the industrial area at Kundli, Sonepat District, Haryana State, in the close proximity of North Delhi on the Delhi-Haryana border. NIFTEM has a platinum rated lush green residential campus spread on an area of 100 acres with world class facilities for the development of high quality trained manpower with strong entrepreneurship and management aptitude in the Food Sector.

Initially, NIFTEM was registered as a Section 25 Company under the Companies Act 1956. Later, the status was converted and registers as an Autonomous Institute under Society Registration Act 1860. NIFTEM was declared as a Deemed to be University (De-novo

गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने यूजीसी एक्ट, 1956 के सेक्शन 3 के तहत 8 मई को नोटिफिकेशन संख्या एफ9–28/2009–वी.3 के माध्यम से निफ्टेम को डीम्ड यूनिवर्सिटी घोषित कर दिया। दे नोवा जैसी प्रतिष्ठित कैटेगरी में होने के कारण निफ्टेम से यह अपेक्षित है कि वो खाद्य तकनीक और प्रबंधन के नए क्षेत्रों में शिक्षण और शोध से जुड़े नवाचार करे। मानव विकास संसाधन मंत्रालय ने 07 जनवरी 2019 को जारी पत्र संख्या एफ 9–28/2009–यू3(ए) के माध्यम से निफ्टेम का डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा बरकरार रखा है। इसी कड़ी में केंद्रीय कैबिनेट में 26 फरवरी 2019 को निफ्टेम बिल प्रस्तुत किया गया, जिसमें निफ्टेम और आईआईएफपीटी दोनों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया जाना प्रस्तावित है। शोध और विकास, प्रशिक्षण और कौशल उन्नयन के लिहाज से यह ऐतिहासिक फैसला खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

स्थापना के समय से ही निफ्टेम से रोजगार बढ़ाने, आय के अवसर सृजित करने और भारत को वैश्विक व्यापार से एकीकृत करने की अपेक्षा की जाती रही है। इस प्रक्रिया में संस्थान खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के विकास को रफ्तार देने का काम करेगा, जिससे प्राथमिक कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन संभव हो सकेगा। यह किसानों को उनकी उपज का उचित दाम सुनिश्चित करेगा, रोजगार बढ़ाएगा और अपव्यय को कम करेगा, जिससे समावेशी आर्थिक विकास हो सकेगा। शोध, प्रबंधन के सिद्धांतों व पद्धतियों में नए प्रयोग और अनेक नई पहलों के जरिए निफ्टेम खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उपलब्ध ज्ञान और तकनीक का आधार बढ़ाने में योगदान देगा। इसमें खाद्य मानकों व खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने जैसी पहल करते हुए सरकार के साथ करीबी समन्वय बनाना और नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना शामिल है।

Category) under Section 3, UGC Act 1956 by the Ministry of Human Resources Development (Department of Higher Education) on the recommendation of the UGC vide Notification No. F.9-28/2009-V.3, dated 8 May, 2012. De-novo category has mandated NIFTEM to accomplish innovations in teaching and research in the emerging areas of food technology and management. The status of NIFTEM as Deemed to be University is continuing vide MHRD letter No. F.9-28/2009-U3(a) Pt.1, dated 7.1.2019. On 26 February, 2019 Union Cabinet placed the NIFTEM Bill, 2019 which shall confer the status of Institute of National Importance to both NIFTEM and IIFPT. This historic decision shall be a turning point in the food processing sector from the perspective of R&D, training and skilling.

Since inception, NIFTEM was expected to play a pivotal role in increasing employment, generating income and integrating India with global trade. The Institute would thus catalyze the growth of the food processing sector leading to value addition of primary agricultural produce. This would in turn, ensure remunerative prices to farmers, generate employment and reduce wastages, leading to overall economic growth. NIFTEM would contribute towards expansion of the knowledge and technology base in its field of endeavour through research, innovation in management theory and practices and new initiatives, including active role in policy making in close coordination with the Government in areas like setting up of Food Standards and Food Testing Lab.

1.1 निफ्टेम के लक्ष्य

निफ्टेम की परिकल्पना एक ऐसे संस्थान के रुप में की गई है, जो खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में सेक्टर/व्यवसाय संवर्धन संस्था के रुप में काम करेगा। निफ्टेम के मुख्य लक्ष्य हैं:

- खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर से जुड़ी सभी समस्याओं के 'एकल निदान केंद्र' के रुप में कार्य करना।
- खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में कौशल उन्नयन और उद्यमिता विकास के लिए कार्य करना।
- संस्थान के अति–आधुनिक पायलट संयंत्रों पर फल–सब्जियों, डेयरी, मांस, तैयार खाना और पारंपरिक भोजन की प्रसंस्करण सुविधा उपलब्ध करवाकर सुगम कारोबार सेवा सुनिश्चित करना।
- खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के विकास के लिए सीमांत क्षेत्रों में शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करना।
- खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अद्यतन ज्ञान रखने वाली विश्वस्तरीय प्रतिभाएं विकसित करना।
- उत्पादन, उत्पाद सूचना, प्रसंस्करण तकनीक, बाजार के रुझान, सुरक्षा, गुणवत्ता मानक, प्रबंधन की प्रचलित तकनीक जैसे खाद्य प्रसंस्करण के विभिन्न आयामों के संदर्भ में ज्ञान कोष की तरह कार्य करना।
- एसएमई खाद्य प्रसंस्करण संकुलों के उन्नयन के लिए कार्य करना।
- खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा को नियंत्रित करने वाले नियमों से जुड़ी समस्त जानकारियां उपलब्ध करवाना।
- देश–विदेश की संस्थाओं में आपसी सहयोग और नेटवर्किंग को प्रोत्साहित करना।

1.1 Mandates of NIFTEM

NIFTEM would work as Sector / Business Promotion Organization of the food processing sector. The major objectives of NIFTEM are:

- To work as a "One Stop Solution Provider" to all the problems of the sector.
- To work for skill development and entrepreneurship development in the sector.
- To facilitate business incubation services through its ultra-modern pilot plants for processing of fruit and vegetables, dairy, meat, ready-to-eat (RTE) and traditional food
- To conduct frontier area research and foster innovation for the development of sector
- To develop world class managerial talent coupled with advanced knowledge in food science and technology.
- To functioning as a knowledge repository on various aspects of food processing such as product information, production and processing technology, market trends, safety and quality standards, management practices among others.
- To Work for the upgradation of SME food processing clusters.
- To provide intellectual backing for regulations governing food quality and safety.
- To promote cooperation and networking among existing institutions within India and abroad.

1.2 दूरदृष्टि

निफ्टेम का लक्ष्य उत्कृष्टता के ऐसे अंतर्राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित होना है, जिसका स्पष्ट उद्देश्य भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के प्रौद्योगिकीय, प्रबंधकीय और व्यावहारिक आयामों को एकीकृत करते हुए इस सेक्टर को दुनिया का सिरमौर बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निफ्टेम एकीकृत शिक्षा, शोध, उद्यमिता विकास और खाद्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी व व्यवसाय के क्षेत्र में पैठ रखने वाले वाले केंद्र की तरह काम करेगा। ऊष्मायन और उद्यमिता विकास से संस्थान को उल्लेखनीय आर्थिक मजबूती मिलेगी, जिसकी मदद से विश्वस्तरीय उद्यमी तैयार करना संभव होगा, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की प्रगति को रफ्तार देने का काम करेंगे।

निफ्टेम का उद्देश्य उत्कृष्टता का ऐसा अंतर्राष्ट्रीय केंद्र बनना है, जहां खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन के सभी आयाम एकीकृत हों और जो भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास को वैश्विक पहचान देने वाले केंद्र बिंदु की भूमिका में काम करे।

1.2 Vision

NIFTEM aims to become an International Centre of Excellence which integrates technological, managerial and behavioural aspects of the Indian food processing industry with a clear objective of catapulting the sector to the Numero Uno position in the world. NIFTEM will function as a centre for integrated education, research, enterprise incubation and outreach in the area of food science, technology and business. Incubation and enterprise development will bring significant economic gains, which in turn, can catalyze the growth of the food processing sector in the national and international spheres by nurturing world class entrepreneurs.

To be an International Center of Excellence which integrates all facets of food technology, entrepreneurship and management and be recognized as the focal point for catalyzing the growth of the food processing industry in India in the global context.

1.3 लक्ष्य

- खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन के क्षेत्र में विश्वस्तरीय बिजनेस लीडर तैयार करना और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रियाओं व तकनीक के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्य कार्यप्रणाली विकसित करना।
- दूरस्थ क्षेत्रों में शोध और विकास की गतिविधियां करना, विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी विकसित करना और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से संबंधित नीति निर्माण के कार्य में सरकार का सहयोग करना।
- खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन के क्षेत्र में प्रमुख शैक्षणिक संस्थान बनना। निफ्टेम का पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रम वैश्विक मानकों के अनुरूप होंगे, जिनमें खाद्य प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और उद्यमिता से जुड़ी अहम जानकारियों का वैकल्पिक मिश्रण भी शामिल होगा।
- कौशल विकास के लिए सतत औद्योगिक प्रशिक्षण और खाद्य अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी में वैश्विक रुझानों से अवगत रहने के लिए हितग्राहियों से नियमित संवाद।

1.3 Mission

- To produce world-class business leaders, develop globally competitive processes and technologies and international best practices in the area of food technology, entrepreneurship and management.
- To carry out R&D in frontier areas, develop world-class technologies and assist the government in policy making on food processing.
- To be a prime academic institution in the areas of food technology, entrepreneurship and management, NIFTEM would offer courses and training programmes of global standards with optimal mix of inputs on food technology, management and entrepreneurship.
- To offer continual training to the industry to enhance their skill and be updated on global trends in food research and technology by consultation with the stakeholders.

2. शैक्षणिक

निफ्टेम में शिक्षण, शोध, विस्तार, परामर्श और उद्यमिता विकास की गतिविधियां संचालित करने वाले पांच शैक्षणिक विभाग हैं। सकल तौर पर यह विभाग बी.टेक का एक, एम.टेक के पांच, एमबीए का एक और पीएचडी के पांच शैक्षणिक कोर्स संचालित करते हैं। संस्थान के चार शैक्षिक केंद्र, कॉरपोरेट संसाधन, परामर्श, कौशल उन्नयन और उद्यमिता विकास का जिम्मा संभालते हैं। निफ्टेम के चार पायलट खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र और कोल्ड चेन प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन पर आधारित उत्कृष्टता केंद्र बिजनेस इन्क्यूबेशन के साथ ही विद्यार्थियों को औद्योगिक और व्यावहारिक अनुभव देने का काम भी करते हैं। निफ्टेम ज्ञान केंद्र, परीक्षा विभाग, आंतरिक गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार विशेष सेल, आईटी सुविधाएं और गांव गोद लेने जैसे कार्यक्रम संस्थान के शैक्षणिक माहौल को प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाए रखते हैं। संस्थान में विद्यार्थियों के सहयोग के लिए चलाई जा रही ऐसी सेवाओं की लंबी श्रृंखला है, जिससे वो अपनी प्रतिभा का अधिक से अधिक दोहन कर सकें, अपने तय किए गए लक्ष्य तक पहुंच सकें और निफ्टेम में चिरस्मरणीय वक्त बिता सकें।

2.1 शैक्षणिक विभाग

संस्थान के सभी पांच शैक्षणिक विभागों में स्नातक स्तर का शिक्षण कार्य होता है। इसके साथ ही प्रत्येक विभाग स्नातकोत्तर स्तर पर पीएचडी के अलावा अपने–अपने विशेष क्षेत्र में शोध के लिए भी शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित करते हैं।

खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (एफएसटी)

खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का लक्ष्य खाद्य क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना और देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की प्रगति को वैश्विक संदर्भ में गतिशील बनाना है। खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वस्तरीय शिक्षा देने के साथ ही एफएसटी विभाग खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े कई अग्रगामी शोध कार्यक्रम भी संचालित करता है। इसके साथ ही विभाग खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित नीति निर्माण, मानकों और नियमों की व्याख्या और बदलाव की अनुशंसा या उनके नवीनीकरण के लिए सरकार को सहयोग देने के लिए भी सदैव प्रस्तुत रहता है।

विभाग में कुल 12 फैकल्टी सदस्य (एक प्रोफेसर, दो एसोसिएट प्रोफेसर, सात असिस्टेंट प्रोफेसर और दो संविदा फैकल्टी सदस्य) और एक रामालिंगास्वामी फैलो, डीबीटी, भारत सरकार शामिल हैं। विभाग के अंतर्गत एक अंतर्राष्ट्रीय बेकरी शोध और प्रशिक्षण

2. Academics

NIFTEM has 5 academic Departments involved in teaching, research, outreach, consultancy and entrepreneurship development activities. The Departments collectively offer one B. Tech. 5 M. Tech., one MBA and 5 Ph.D. programmes. There are 4 academic centres to support corporate resources, consultancy, skill development and entrepreneurship development. NIFTEM has 4 pilot scale food processing plants and Centre of Excellence (CoE) on Cold Chain Technology and Management for business incubation, and industrial and practical exposure of students. NIFTEM Knowledge Centre, Examination Section, Internal Quality Assurance Cell, IT facilities and activities under Village Adoption Programme maintains the effective and quality learning environment in the campus. There are a wide range of student support services available to ensure that all students fulfill their potential, achieve their goals and enjoy their time at NIFTEM.

2.1 Academic Departments

All 5 academic departments are involved in teaching at the undergraduate level. Each academic Department offers an academic programme at the post-graduate level besides Ph.D. in the specialized areas of research.

Department of Food Science and Technology (FST)

The Department of Food Science and Technology aims to promote innovation in food sector and catalyze the growth of food processing industry in India in global context. Apart from imparting world class education in the field of food science and technology, the Department has research programmes in frontline areas of Food Science and Technology. It also aims to assist the government in policy making on food processing as well as analyzing regulations and standards and proposing/updating changes.

The Department has 12 faculty members (one Professor, 2 Associate Professors, 7 Assistant Professors and 2 contractual faculty members) and a Ramalingaswamy Fellow, DBT, Govt. of India. The Department has an International Bakery Research & Training Centre and

केंद्र और निफ्टेम पोषण शोध सुविधा के अतिरिक्त सर्व–सुविधायुक्त पशु उत्पाद प्रयोगशाला और खाद्य विज्ञान व प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी संचालित हो रही है। विभाग के तहत 2.5 करोड़ रुपए मूल्य के पांच शोध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विभाग ने भारत सरकार की खाद्य उद्योग क्षमता और कौशल पहल (एफआईसीएसआई) के लिए 13 क्वालिफिकशन पैकें भी विकसित किए हैं। इसके अतिरिक्त फैकल्टी सदस्यों ने मांस संग्रहण का एक किफायती सिस्टम और नए उत्पाद बनाने की नौ प्रक्रियागत तकनीक भी विकसित की है।

खाद्य अभियांत्रिकी विभाग (एफई)

खाद्य अभियांत्रिकी विभाग का प्रमुख उद्देश्य तेजी से विकसित हो रहे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की जरुरत को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। विभाग द्वारा प्रमुख रुप से शुष्क तकनीक, स्ट्रक्चर डायनेमिक्स (सीएडी सीएम), ऑपरेशनल डिजाइन, खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित साजो–सामान की डिजाइन, उत्पाद विकास, फूड पैकेजिंग, खाद्य उद्योग के सेंसर, थ्री–डी फूड प्रिंटिंग, कबाड़ वस्तुओं का उपयोग, डेयरी तकनीक, जैव–प्रौद्योगिकी दखल और प्रसंस्करण की नवीनतम तकनीक जैसे क्षेत्रों में शोध संचालित किए जाते हैं।

खाद्य अभियांत्रिकी विभाग में कुल 10 फैकल्टी सदस्य हैं (दो प्रोफेसर, सात असिस्टेंट प्रोफेसर, एक संविदा फैकल्टी सदस्य)। विभाग के अंतर्गत सर्व–सुविधायुक्त खाद्य अभियांत्रिकी प्रयोगशाला, फूड पैकेजिंग लैब, डेयरी और खाद्य अभियांत्रिकी प्रयोगशाला, अभियांत्रिकी कार्यशाला, अभियांत्रिकी ग्राफिक्स लैब और इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स लैब आती हैं, जो स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ ही उन्नत शोध की आवश्यकताओं को भी पूरा करने में सक्षम हैं। विभाग ने डेनफोस इंडिया के सहयोग से कोल्ड चेन प्रबंधन के क्षेत्र में एक उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किया है, जो विद्यार्थियों के साथ ही उद्योग से जुड़े प्रोफेशनल्स को भी प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। फैकल्टी के सदस्य शोध, नवाचार, उद्योगों से आपसी सहयोग, परामर्श, कौशल विकास और विस्तार गतिविधियों में सक्रिय रुप से हिस्सेदारी करते हैं। विभाग के फैकल्टी सदस्यों ने खाद्य प्रसंस्करण के आठ उपकरणों का डिजाइन तैयार कर उन्हें विकसित किया है। यह सभी उपकरण अब व्यावसायिक उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विभाग की फैकल्टी द्वारा ही डिजाइन–विकसित भी किए गए तीन खाद्य उपकरणों के लिए भारतीय पेटेंट का दावा भी पेश किया गया है।

खाद्य व्यवसाय प्रबंधन और उद्यमिता विकास विभाग (एफबीएमईडी)

खाद्य व्यवसाय प्रबंधन और उद्यमिता विकास विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशीलता और प्रबंधकीय योग्यता विकसित करना है। विभाग स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर पर एग्री–बिजनेस सेक्टर में प्रबंधन, नवाचार और उद्यमिता के लिहाज

NIFTEM Nutrition Research Facility apart from well established Animal Product Laboratory and Food Science and Technology laboratory. The Department has 5 ongoing research projects worth ₹ 2.5 crore and has also developed 13 qualification packs in Food Industry Capacity and Skill Initiative (FICSI), Govt. of India. The faculty members have developed a low cost meat storage system and 9 process technologies leading to new products.

Department of Food Engineering (FE)

The main objective of the Department of Food Engineering is to create trained and skilled human resources to cater to the needs of the rapidly growing food processing sector. The thrust areas of research of the Department are, Drying Technology, Structure Dynamics (CAD CAM), Operational Design, Food Processing Equipment Design, Product Development, Food Packaging, Sensors in the Food Industry, 3D Food Printing, Waste Product Utilization, Dairy Technology, Biotechnological Interventions and Novel Processing Technology.

The Department has 10 faculty members (2 Professors, 7 Assistant Professors and one contractual faculty member). There is well equipped Food Engineering Lab., Food Packaging Lab., Dairy and Food Engineering Lab., Engineering Workshop, Engineering Graphics Lab., Electrical Lab. and Electronics Lab. which cater the requirements of practice at the undergraduate and postgraduate levels, and advanced research as well. The Department has established a Centre of Excellence in Cold Chain Management in collaboration with Danfoss India, which is equipped with facilities for training and skill development of students and industry personnel. The faculty members are actively involved in research, innovation, industry collaborations, consultancy, skill development and outreach activities. Eight food processing equipments designed and developed by the faculty members of the Department are ready for commercialization, and the Indian patent for 3 food equipments has already been filed.

Department of Food Business Management and Entrepreneurship Development (FBMED)

Department of Food Business Management and Entrepreneurship Development aims at the development of managerial and entrepreneurial

से महत्वपूर्ण प्रबंधकीय और तकनीकी कार्यक्रम संचालित करता है। विभाग का लक्ष्य खाद्य और एग्री–बिजनेस प्रबंधन और उद्यमिता विकास के सभी आयामों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट केंद्र के रुप में विकसित होना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभाग भविष्य के ऐसे नवाचारी और नैतिक रुप से सक्षम उद्यमी तैयार करने का अभिलाषी है, जो खाद्य उद्योग और एग्री–बिजनेस में बदलाव लाने की क्षमता रखते हों।

विभाग में कुल 11 फैकल्टी सदस्य (एक प्रोफेसर, दो एसोसिएट प्रोफेसर, छह असिस्टेंट प्रोफेसर जिसमें एक लियन पर और दो संविदा फैकल्टी सदस्य) और एक सहायक हैं। विद्यार्थियों के समावेशी शिक्षण और उद्योग के माहौल से उन्हें परिचित करवाने के लिए आईआईटी, आईआईएम, आईआईएफटी, एमडीआई–गुरुग्राम, एनआईटीआईई–मुंबई, बीआईटीएस–पिलानी, दिल्ली विश्वविद्यालय और एनआईएएम–जयपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों और नेस्ले, आईटीसी, कृभको जैसे बड़े औद्योगिक संस्थानों के विषय–विशेषज्ञों के व्याख्यान और उद्योगों का नियमित भ्रमण करवाया जाता है। विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक माहौल से परिचित करवाने के लिए 7–10 दिनों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मिलन कार्यक्रम एमबीए के पाठ्यक्रम में शामिल है। उद्यमिता और स्टार्ट–अप को लेकर विद्यार्थियों में प्रबंधकीय समझ विकसित करने के लिए विभाग उद्यमिता विकास केंद्र (सीईडी) के साथ मिलकर काम कर रहा है।

बुनियादी और व्यावहारिक विज्ञान विभाग (बीएएस)

बुनियादी और व्यावहारिक विज्ञान विभाग के अंतर्गत बुनियादी और उन्नत विज्ञान के कई कोर्स संचालित किए जाते हैं। इनमें भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित व सांख्यिकी के आधारभूत पाठ्यक्रम से लेकर विश्लेषणात्मक रसायन शास्त्र, जैव रसायन शास्त्र, खाद्य सुरक्षा, सूक्ष्म जैविकी और कम्प्यूटर विज्ञान जैसे विषयों में उन्नत व्यावहारिक कोर्स शामिल हैं। विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों के व्यावहारिक दायरे में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता, खाद्य और मानव पोषण, खाद्य सामग्रियों के रासायनिक आयाम, खाद्य प्रसंस्करण में भौतिकी के सिद्दांतों का उपयोग, खाद्य परीक्षण (सूक्ष्म जैविकीय व रासायनिक) और खाद्य प्रसंस्करण में गणितीय मॉडल का सैद्दांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल विकसित करना शामिल है। विभाग द्वारा विद्यार्थियों में सीखने की संस्कृति विकसित की जाती है, जिससे वे वैज्ञानिक, पेशेवर और पारस्परिक कौशल में दक्ष होकर खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता, खाद्य विज्ञान और फूड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार करते हुए समाज में एक अहम योगदानकर्ता की भूमिका भी निभाते हैं।

विभाग में कुल 10 फैकल्टी सदस्य हैं (तीन प्रोफेसर, एक एसोसिएट प्रोफेसर और 6 असिस्टेंट प्रोफेसर)। विभाग के परामर्श और बाहरी प्रोजेक्ट की फंडिंग 11 करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। विभाग में नवीनतम तकनीक से सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन लैब तैयार की गई

abilities in the students. It offers various managerial and technical programmes at UG, PG and Doctoral level with focus on management, innovations and entrepreneurship in agribusiness sectors. The vision of the Department is to be an international centre of excellence in all aspects of food and agribusiness management and entrepreneurship development. To achieve this, the Department wishes to develop innovative and ethical future leaders capable of managing change and transformation in food industry and agribusiness.

The Department has 11 faculty members (one Professor, 2 Associate Professors, 6 Assistant Professors with one on lien and 2 contractual faculty members) and an adjunct faculty member. Expert lectures from reputed academia (IITs, IIMs, IIFT, MDI-Gurugram, NITIE-Mumbai, BITS-Pilani, Delhi University, NIAM-Jaipur) and industry (NESTLE, ITC, KIRBHCO and many more) and industry visits are regularly arranged to ensure exposure and comprehensive learning of students. Exposure of students to international business scenario for 7-10 days through International Immersion Programme is the part of the curriculum of MBA students. The Centre for Entrepreneurship Development (CED) closely works with the Department to provide managerial angle to students on their entrepreneurship and start-up ventures.

Department of Basic and Applied Sciences (BAS)

The Department of Basic and Applied Sciences encompasses diverse disciplines of basic and advanced sciences offering foundation courses of Physics, Chemistry, Mathematics, Statistics and advanced applied courses in Analytical Chemistry, Biochemistry, Food Safety, Microbiology and Computer Science. The functional areas of the department include theoretical and practical skills in food safety and quality, food and human nutrition, chemical aspects of foods, application of physics principles in food processing, food testing (microbiological and chemical) as well as mathematical modelling in food processing. The Department inculcates learning culture that trains the students to innovate in the field of food safety and quality, food sciences and food packaging through scientific, professional and interpersonal skills and as a key contributors to the society.

The Department has 10 faculty members (3 Professors, one Associate Professor and 6 Assistant Professors)

है, जहां विद्यार्थियों, शोधार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के उपयोग के लिए अत्याधुनिक उपकरण (यूवी–वीआईएस स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, डिफरेंशियल स्कैनिंग कैलोरीमीटर, सीएचएनएस एनालाइजर, माइक्रो व एनालिटिकल बैलेंस, ऑटो सैंपलर युक्त गैस क्रोमेटोग्राफ, आईसी–ओईएस, उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विड क्रोमेटोग्राफी, माइक्रोवेव डाइजेस्टर, वाटर प्यूरीफायर सिस्टम, एफटीआईआर) जुटाए गए हैं। विभाग में आधुनिकतम तकनीक, व्यापक उपयोग के लिए जरुरी उपकरण और वैश्विक मानकों के अनुरुप परीक्षण और जांच करने में सक्षम एक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (एफटीएल) की स्थापना की जा रही है। इस प्रयोगशाला को भविष्य में पहले रेफेरल खाद्य प्रयोगशाला और फिर राष्ट्रीय रेफेरेंस प्रयोगशाला के रुप में उन्नत किए जाने की योजना है।

कृषि और पर्यावरण विज्ञान विभाग (ऐईएस)

कृषि और पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्राथमिकता में कटाई के बाद फलों व सब्जियों का प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला की सुनियोजित व्यवस्था, पर्यावरण पर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का असर और विस्तार गतिविधियां शामिल हैं। यहां प्रदान किए जाने वाले कोर्स विद्यार्थियों को कटाई के बाद फसलों के प्रबंधन, प्रसंस्करण और आपूर्ति श्रृंखला, पर्यावरण और विभिन्न निजी/सार्वजनिक सेक्टर जैसे बहुविषयक उद्यम में सफल कैरियर बनाने के लिए तैयार करते हैं। समाज के ज्यादा–से–ज्यादा तबके तक पहुंचने की विभाग की कोशिशें हितग्राहियों, व्यावसायियों और समुदाय को नवाचार से ही परिचित नहीं करवातीं, बल्कि उन्हें अपनी समस्याएं सुलझाने, कौशल विकसित करने, पैदावार के बाद के नुकसान से बचने और बेहतर भविष्य बनाने में सहयोगी व्यावहारिक सूचनाएं भी उपलब्ध करवाती हैं।

विभाग में कुल सात फैकल्टी सदस्य हैं (एक प्रोफेसर, तीन एसोसिएट प्रोफेसर और तीन असिस्टेंट प्रोफेसर), जो बागवानी, कटाई के बाद फसल प्रबंधन की तकनीक, पर्यावरण विज्ञान, नैनो टेक्नोलॉजी और सूक्ष्म जैविकी के तकनीकी, प्रबंधन, इंजीनियरिंग और जैविक पहलुओं में दक्षता रखते हैं। विभाग में एक शोध प्रयोगशाला है, जहां शोध कार्य के लिए जरुरी सभी साजों–सामान और उपकरण मौजूद हैं। विभाग बी.टेक और एम.टेक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए नियमित रुप से गांव गोद लेने का कार्यक्रम (वीएपी) आयोजित करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण युवाओं को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ना है, जिससे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को समावेशी बनाया जा सके।

with consultancy and external project funding over ₹ 11 Crores. A state-of-the-art Central Instrumentation Laboratory has been established in the Department. It has well maintained analytical and high-end instruments (UV-VIS Spectrophotometer, Differential Scanning Calorimeter, CHNS Analyzer, Micro and Analytical Balance, Gas Chromatograph with Auto Sampler, ICP-OES, High Performance liquid Chromatography, Microwave Digestor, Water purification system, FTIR) available to all students, scholars and faculty members of the Institute. A Food Testing Laboratory (FTL) with a comprehensive array of equipment, latest technologies and facilities to conduct analysis as per global accreditation standards for testing and calibration is being established with a view to upgrade it to the state of Referral Food Laboratory and later to be recognized as National Reference Laboratory.

Department of Agriculture and Environmental Sciences (AES)

The primary focus of the Department of Agriculture and Environmental Science is on the postharvest management of fruits and vegetables, supply chain management, environmental impacts of food processing sector and outreach activities. The courses offered prepare the students for the successful careers in multidisciplinary endeavors of postharvest management, processing and supply chain, environmental and allied private/public sectors. The outreach efforts of the department provide innovative yet practical information to help people, businesses, and communities to find solutions, develop skills, reduce postharvest losses, and build a better future.

The Department has 7 faculty members (One Professor, 3 Associate professors and 3 Assistant Professors) with expertise in biological, engineering, technological, and management aspects of horticulture, postharvest technology, environmental science, applied nanotechnology and microbiology. The Department has a research laboratory with equipment and instruments to facilitate research. The Department organises Village Adoption Programme (VAP) for the B. Tech. and M. Tech. students with a view to integrate farmers and rural youth to the mainstream economy thereby leading to all-inclusive growth of the food processing sector.

2.2 शैक्षणिक कार्यक्रम

निफ्टेम खाद्य प्रौद्योगिकी और प्रबंधन के नए उभर रहे क्षेत्रों में बी. टेक., एम.टेक., एमबीए और पीएचडी के कोर्स संचालित करता है। बी.टेक. और एम.टेक. कोर्स की शुरुआत साल 2012–13 के शैक्षणिक सत्र में हुई, जबकि पीएचडी साल 2013–14 में और एमबीए कोर्स साल 2017–18 में शुरु हुए। संस्थान के बी.टेक., एम.टेक., और एमबीए कोर्स को शुरुआत से ही एआईसीटीई से मान्यता मिली हुई है।

निफ्टेम का शैक्षणिक कार्यक्रम

पाठ्यक्रम	प्रवेशी परीक्षा	कुल सीट
खाद्य प्रौद्योगिकी व प्रबंधन में बी.टेक.	जेईई (मुख्य परीक्षा)	169
खाद्य प्रौद्योगिकी व प्रबंधन में एम.टेक. (एफएसटी विभाग के अंतर्गत)	गेट और गैर–गेट उम्मीदवारों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा	16
खाद्य प्रसंस्करण अभियांत्रिकी व प्रबंधन में एम.टेक. (एफई विभाग के अंतर्गत)		16
खाद्य संयत्र संचालन व प्रबंधन में एम.टेक. (एफबीएमईडी विभाग के अंतर्गत)		16
खाद्य सुरक्षा व गुणवत्ता प्रबंधन में एम.टेक. (बीएएस विभाग के अंतर्गत)		16
खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में एम.टेक. (एईएस विभाग के अंतर्गत)		16
खाद्य व एग्री–बिजनेस प्रबंधन में एमबीए	सीएटी/एमएटी और गैर सीएटी/एमएटी उम्मीदवारों के लिए आंतरिक मूल्यांकन	38
खाद्य अभियांत्रिकीय विभाग/बुनियादी और व्यावहारिक विज्ञान/खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी/कृषि और पर्यावरण विज्ञान/खाद्य व्यवसाय प्रबंधन और उद्यमिता विकास में पीएच.डी	यूजीसी–नेट/यूजीसी सीएसआईआर–नेट/जेआरएफ समेत आईसीएआर– नेट/शोध प्रवेश परीक्षा	24

2.2 Academic Programmes

NIFTEM offers B.Tech., M.Tech., MBA and Ph.D. programmes in the emerging areas of Food Technology and Management. The B.Tech. and M. Tech. programmes were initiated in the academic year 2012-13. Ph.D. programmes were started in 2013-14, and MBA programme was started in 2017-18. B. Tech., M. Tech. and MBA programmes have been approved by AICTE since inception to till date.

Academic programmes of NIFTEM

Programmes	Admission through	Total intake
B. Tech. in Food Technology Management	JEE (main)	169
M. Tech. in Food Technology and Management (under the Dept. of FST)	GATE and Common Entrance Exam for Non-GATE candidates	16
M. Tech. in Food Process Engineering and Management (under the Dept. of FE)		16
M. Tech. in Food Plant Operation Management (under the Dept. of FBMED)		16
M. Tech. in Food Safety and Quality Management (under the Dept. of BAS)		16
M. Tech. in Food Supply Chain Management (under the Dept. of AES)		16
MBA in Food and Agri-business Management	CAT/MAT and Internal test for Non-CAT/MAT candidates	38
Ph.D from the Department of Food Engineering / Basic and Applied Sciences / Food Science and Technology /Agriculture and Environmental Sciences / Food Business Management and Entrepreneurship Development	UGC-NET / UGC CSIR-NET / ICAR-NET including JRF / Research Entrance Test	24

मुख्य विशेषताएं

- निफ्टेम के बी.टेक. और एम.टेक. कोर्स में खाद्य विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रबंधन के बुनियादी सिद्धांतों का मिश्रण है, जो देश के किसी भी दूसरे संस्थान में नहीं होने से अनूठे हैं।
- एमबीए कोर्स दोहरी विशेषज्ञता के साथ उपलब्ध है – (i) अनिवार्यः खाद्य और एग्री–बिजनेस प्रबंधन, (ii) वैकल्पिकः खाद्य उद्योग की मांग के अनुरुप मार्केटिंग/वित/अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में से कोई एक।
- पीएच.डी. करने वाले शोधार्थी संस्थान के प्रत्येक विभाग में शोध के विशेष क्षेत्रों में उन्नत अध्ययन करते हैं।
- बी.टेक,/एम.टेक. की मैरिट में आने वाले विद्यार्थियों को विदेश यात्रा या विदेश में सहयोगी संस्था में प्लेसमेंट के माध्यम से वैश्विक एक्सपोजर दिया जाता है। एमबीए कोर्स में भी विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय सम्मिलन कार्यक्रम के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर दिया जाता है।
- स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स में खाद्य प्रसंस्करण के चार पायलट संयत्रों के माध्यम से प्रायोगिक शिक्षण और कैंपस में उद्यमिता विकास की सुविधा के साथ ही विद्यार्थियों के कैरियर के लिहाज से खाद्य उद्योग से संस्थान का महत्वपूर्ण संयोजन।
- कॉरपोरेट सेक्टर में संस्थान के विद्यार्थियों की औद्योगिक इंटर्नशिप, कॉरपोरेट से संबद्ध नवाचारी कार्यशाला, समूह चर्चा और अतिथि व्याख्यान के माध्यम से अधिकतम एक्सपोजर।
- संस्थान का गांव गोद लेने का कार्यक्रम विद्यार्थियों को खेत से खाने की टेबल के बीच की आपूर्ति श्रृंखला के तकनीकी और वैज्ञानिक पक्ष को करीब से समझने का अवसर देता है।

Salient features

- The B. Tech. and M. Tech. programmes of NIFTEM are unique in India in the sense that it blends the basic essence of food science, engineering and management.
- MBA is offered with dual specializations- (i) Compulsory: Food & Agri-Business Management, (ii) Optional: One of Marketing/ Finance/ International Business to fulfill the industry demands.
- In Ph.D., scholars conduct the advanced studies in the specialized areas of research of each Department.
- The meritorious students of B. Tech and M. Tech. are given **global exposure** by arranging visit / work in the partner Institutions abroad. MBA programme provide **international exposure** to students through international immersion program.
- UG and PG programmes have experiential learning through the 4 **pilot scale food processing plants** and **enterprise incubation** facilities in the campus followed by strong institute-industry linkage.
- The students are most exposed to corporate sector in the form of **industry internships, innovative corporate-linking workshops, group discussions and guest lectures.**
- The institute offers an immersive **"Village adoption Programme"** that helps the students to understand the technical and scientific food supply chains from farm to fork.

अंतर्राष्ट्रीय सम्मिलन कार्यक्रम के तहत एमबीए छात्रों का यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के दौरा
Visit of MBA students to University of Melbourne under international immersion programme

2.3 शैक्षणिक केंद्र

शैक्षणिक केंद्र विद्यार्थियों के प्रशिक्षण और नियोजन, उनके विदेशी एक्सपोजर, परामर्श, कौशल और उद्यमिता विकास के कार्य में विभिन्न शैक्षणिक विभागों का सहयोग करते हैं।

कॉरपोरेट संसाधन विभाग (सीआरडी)

कॉरपोरेट संसाधन विभाग कॉरपोरेट–कैंपस संबंधों को मजबूती देने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए विभाग उद्योगों में विद्यार्थियों की इंटर्नशिप की व्यवस्था करता है और स्थापित कंपनियों को मेधावी विद्यार्थियों के बेहतर नियोजन के लिए निफ्टेम आमंत्रित करता है, जिससे इन विद्यार्थियों को अपनी पसंद के क्षेत्र में करियर बनाने के सर्वश्रेष्ठ अवसर मिल सकें। इसके साथ ही विभाग विषय–विशेषज्ञों के व्याख्यान, सेमिनार, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू और इंटर्नशिप–नियोजन से जुड़ी प्रशिक्षण गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों की प्रतिभा को तराशने का काम भी करता है।

परामर्श विभाग

निफ्टेम का परामर्श विभाग तेजी से विकास कर रहे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर और उद्यमियों, उद्योगों, निर्यातकों, नीति निर्माताओं, शासकीय और शोध संस्थानों जैसे तमाम हितग्राहियों को नवाचारी समाधानों के साथ ही समय पर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्यमियों, कंपनियों, फर्मों और खाद्य संस्थाओं की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए परामर्श विभाग उनका मार्गदर्शन करता है।

निफ्टेम का परामर्श विभाग उत्कृष्ट परामर्शदाताओं का ऐसा पैनल है, जो निम्नलिखित क्षेत्र में कार्य संपादित करने की योग्यता रखता है:

i. अभियांत्रिकीय और प्रौद्योगिकीय सेवाएं : अनाज, फल, सब्जी, मछली, दुग्ध उत्पाद, अंगूर व शराब का प्रसंस्करण, बेकरी सेक्टर, गुणवत्ता नियंत्रण व गुणवत्ता मानक, खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कोल्ड चेन।

ii. प्रत्येक स्तर पर परामर्श सेवाएं : खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी का विपणन, मशीन/उपकरण।

iii. डिजायन करना/साधन जुटाना, उत्पाद विकास, आयोजन का प्रबंधन, एफडीआई समेत सभी तरह के निवेश को प्रोत्साहन।

2.3 Academic Centres

The Academic Departments are supported by Academic centres in training and placement, students; foreign exposure, invited lectures, consultancy, skill development and entrepreneurship development.

Corporate Resource Division (CRD)

Corporate Resource Division is working towards building a strong campus-corporate relationship to arrange for industry internship, and to attract the vast majority of companies to come to our campus for sampling the talent pool of NIFTEM in order to provide the students with good career opportunities in their areas of interest. Apart from this, the division is also involved in grooming the students for the selection procedure of different companies by organizing expert lectures, seminars, group discussions, mock interviews and conducting pre-internship and pre-placement training activities.

Consultancy Division

